...तिरिक्त शर्तें :-

1. विकासकर्ता विकास प्राधिकरण के पक्ष में बन्धक/गिरवी रखी गयी भूमि पर विकास एवं निर्माण कर सकेगा, परन्तु उनका हस्तान्तरण तब तक नहीं कर सकेगा, जब तक कि ईडब्लूएस आवासीय इकाईयों का निर्माण पूर्ण नहीं कर दिया जाता है।
2. ईडब्लूएस भवन का निर्माण न किये जाने की स्थिति में बन्धक रखी गयी भूमि व उस पर निर्मित सम्पत्ति को जब्त कर लिया जाएगा।
3. प्रस्तुत शपथ–पत्र के अनुसार विकासकर्ता द्वारा सक्षम प्राधिकारी से योजना के अन्तर्गत ई॰डब्लू॰एस॰ भवनों का पूर्णता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर शासकीय अभिकरण द्वारा चिन्हित लाभार्थियों को हस्तान्तरित करने के उपरान्त ही टी॰डी॰आर॰ का उपयोग किया जाएगा।
4. योजना का विकास एवं निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूवर्क पूर्ण करने हेतु विकासकर्ता को नियमानुसार डवलपमेन्ट एग्रीमेन्ट करना होगा।
5. योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित भवनों का प्लिन्थ तक निर्माण पूर्ण हो जाने पर स्थल का जी॰पी॰एस॰ कोआर्डिनेट्स, तिथि एवं समय के साथ डिजिटल फोटोग्राफ्स प्राधिकरण में प्रस्तुत करने होंगे, जिसके साथ निर्धारित प्रारूप पर इस आशय का शपथ–पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि मौके पर फोटोग्राफ्स के अनुसार निर्माण किया गया है और यदि यह पाया जाता है कि स्वीकृत मानचित्र से इतर निर्माण कार्य कराया गया है, जिसमें सैटबैक परिवर्तित हुए हैं, तो ऐसे निर्माण को सील कर दिये जाने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी तथा उसके लिए वह किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति का दावा नहीं करेंगे।
6. योजना के समस्त आंतरिक विकास कार्य विकासकर्ता द्वारा अपनी लागत पर स्वयं कियान्वित किये जाऐंगे।
7. 24 माह में निर्माण पूर्ण न करने की स्थिति में ई॰डब्लू॰एस॰ योजना की लागत की 0.1 प्रतिशत प्रतिदिन (अधिकतम 60 दिन तक) की दर से पेनल्टी देय होगी। 60 दिन की अवधि के पश्चात् बैंक गारन्टी तथा बन्धक रखी गयी भूमि के जब्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।
8. ई॰डब्लू॰एस॰ भवनों का निर्माण शासनादेश सं॰–1132/आठ–1–18–106 विविध/18 आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1, लखनऊ, दिनाँक 12.07.18 के माध्यम से निर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निजी क्षेत्र की सहभागिता से किफायती आवास योजना (वर्ष 2018–2021) के संलग्न–4 पर ई॰डब्लू॰एस॰ भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में दिये गये स्पेशिफिकेशन्स अथवा शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन एवं संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार के F.No. BMT/CBM/ET/2014/17/6/14 में वर्णित 'उभरती' किफायती, आवास प्रोद्योगिकियों जो निम्नानुसार उल्लिखित है, के अनुसार करना होगा –:
   1- Monolithic Concrete Construction System Using Plastic/Aluminium Formwork.
   2- Monolithic Concrete Construction System Using Aluminium Formwork.
   3- Expanded Polystyrene Core Panel System.
   4- Industrialized 3-S System Using Cellular Light Weight Concrete Slabs & Precast Columns.
   5- Factory Made Fast Track Modular Building System- INSTACON.
   6- Glass Fibre Reinforced Gypsum Panel System.
   7- Advanced Building System EMMEDUE.
9. विकासकर्ता द्वारा शपथ–पत्र प्रस्तुत किया गया है कि शासनादेश सं॰–1132/आठ–1–18–106 विविध/18 आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1, लखनऊ, दिनाँक 12.07.18 के माध्यम से निर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निजी क्षेत्र की सहभागिता से किफायती आवास योजना (वर्ष 2018–2021) में वर्णित समस्त सम्बन्धित प्रतिबन्धों/शर्तों तथा गाइडलाइन्स का पालन उसके द्वारा किया जाएगा तथा भविष्य में राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के सम्बन्ध में यदि कोई भी गाइडलाइन्स निर्गत की जाती है तो अनिवार्य रूप से उनका भी पालन करना होगा।
10. योजना के सम्बन्ध में समस्त विधिक एवं नियमानुसार वांछित अनापत्ति प्रमाण–पत्र आदि विकासकर्ता द्वारा सक्षम प्राधिकारी से स्वयं प्राप्त किए जाऐंगे।
11. विकासकर्ता को 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ–पत्र प्रस्तुत किया गया है कि योजना के अन्तर्गत निर्मित ईडब्लूएस इकाईयों का निर्माण कर उन्हें चिन्हित लाभार्थियों को निर्धारित समय में हस्तान्तरित किया जाएगा।
12. नियमानुसार रेरा में रजिस्ट्रेशन कराना होगा तथा रियल एस्टेट (रेगुलेशन एण्ड डवलपमेन्ट एक्ट) 2016 तथा तद्धीन बनाये गये नियमों का पालन करना होगा।
13. योजना का कियान्वयन रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी में पंजीकरण की तिथि से प्रारम्भ करना अनिवार्य होगा तथा ई॰डब्लू॰एस॰ श्रेणी के भवनों का निर्माण (स्थल विकास सहित) 24 माह में पूर्ण करना होगा।
14. विकासकर्ता द्वारा योजना के विकास/निर्माण कार्य पूर्ण किये बिना भूमि अथवा उसके किसी भू–भाग का हस्तान्तरण/सब–लीजिंग अनुमन्य नहीं होगी। उल्लंघन की दशा में विकासकर्ता को प्रदत्त समस्त रियायतें/इन्सेन्टिव वापस ले लिये जायेंगे।
15. विकासकर्ता द्वारा शपथ–पत्र प्रस्तुत किया गया है कि माँग–पत्र में लगाये गये समस्त शुल्क मान्य हैं तथा इसके विरूद्ध किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं किया जाएगा।

